## सार-समाचार

### सामूहिक विवाह सम्मेलन

**कपासन, (निसं)।** मंसूरी एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी उदयपुर के तत्वावधान में दरगाह हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. में सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सोसायटी के सचिव जाहिद मो. मंसूरी के अनुसार दरगाह शरीफ स्थित अहमद कबीर मंजिल मे रविवार प्रात: मौलाना अंसारूल हक की तिलवाते कलामे पाक के बाद दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने नात शरीफ पेश की। महमाने खुसुसी हाजी लतीफ मंसूरी आरको अध्यक्ष मंसूरी पंचायत संस्था राजस्थान जयपुर एवं अजय एस. मेहता ट्रस्टी-रमा मेहता चेरिटेबल ट्रस्ट उदयपुर ने आज के इस दौर मे सामूहिक विवाह सम्मेलन के फायदे बताये और शिक्षा एवं बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं पर अपने विचार व्यक्त किए।सोसायटी के सदर अब्दुल लतीफ मंसूरी कुवैत वाले ने महमाने खुसुसी एवं मुख्य अतिथि आज़ाद हुसैन मंसूरी, पूर्व उप सरपंच सांवलिया, दरगाह वक्फ कमेटी के नायब सदर मो. यासीन खाँ अशरफी, मास्टर अल्लाह बेली मंसूरी, हेमराज भाटी रिटायर्ड सचिव सेवा मंदिर उदयपुर, मास्टर मोहम्मद खाँ मंसूरी, सदर मंसूरी समाज कपासन एवं वक्फ कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी का शॉल ओढ़ाकर इस्तकबाल किया। मोहम्मद सईद काजी, हाफिज आदिल रज़ा, हाफिज मो खतीब, पेश ईमाम मस्जिद मंसूरियान ने तीनो जोडो को ईजाब कबूल करा खुतबा पढ़ दुआ की। बाबे विलायत से अहमद कबीर मंजील तक दुल्हो की बिन्दोली निकली। बिन्दोली का सोसायटी की तरफ से ईस्तकबाल किया। हाजी मो. सईद काजी की मिलाद पार्टी ने नातो, मनकबत व सेहरा पढ़ा दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने प्रोग्राम का संचालन किया। सम्मेलन मे आए हुए सभी मेहमानो का खाना चिश्तीया डोम मे रखा गया।

### कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

**बांसवाड़ा, (निसं)।** उपखंड अधिकारी छोटी सरवन प्रकाश चंदेलिया ने ग्राम पंचायत कार्यालय डेरी, पशु चिकित्सा केन्द्र डेरी, राउमावि डेरी तथा स्वास्थ्य केन्द्र डेरी का निरीक्षण किया गया। राउमावि डेरी में प्रधानाचार्य जहीर अब्बास, नीता पाठक, लालसिंह अहारी, गणिलाल बुनकर एवं कमलेश गरासिया अनुपस्थित पाए गए वहीं उपस्थित शिक्षक भी अनुपस्थिति का संतोषजनक कारण नहीं दे पाए। जिस पर मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी छोटी सरवन को अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। शिक्षकों को विद्यालय में साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए गए। पशु चिकित्सा केन्द्र डेरी में दवाईयों का रखरखाव सही नहीं पाया गया। जिस पर स्टोर को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। उप स्वास्थ्य केंद्र डेरी में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। ग्राम पंचायत कार्यालय डेरी बंद पाया गया। विकास अधिकारी छोटी सरवन को संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### बेबीकिट व वस्त्र वितरित किए

**डूंगरपुर, (निसं)।** महावीर इन्टरनेशनल वीरा प्रियदर्शना डूंगरपुर द्वारा वात्सल्य प्रोजेक्ट के अंतर्गत सुरक्षित मातृत्व एंव स्वस्थ शिशु जागरूकता अभियान के तहत मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में मेंबर ओर डायरेक्टर स्किल डेवलमेंट व एज्युकेशन वीर सुनील गांग उदयपुर के सौजन्य से 5० बेबीकिट का वितरण किया गया। संस्था द्वारा हर माह नवजात शिशुओं की माताओं को संक्रमण से बचाने के लिए वस्त्र एवं नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर सामान्य चिकित्साल राकेश शर्मा का प्रियदर्शना परिवार की ओर से पगडी व उर्पणा ओढा कर सम्मान किया इस मौके पर अध्यक्षा वीरा कल्पना दोशी, उपाध्यक्ष कनकलता जैन, सह उपाध्यक्ष साधना जैन, सह सचिव रेखा गोठी, कन्वीनर ममता भट्ट, सह कोषाध्यक्ष श्वेता सरैया, रेखा जोशी नीलम दोशी,कोपल दोशी आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने भेजा ज्ञापन

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा मुख्यालय राजसमंद गिरिजा शंकर मिश्रा को ज्ञापन भेज कर शिक्षकों के स्थाई करण आदेश एवं वेतन नियमितीकरण आदेश जारी करने हेतु मांग की। जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य एवं संगठन मंत्री शंकर माली ने बताया कि शिक्षक भर्ती 2०22 में नियुक्त अध्यापक लेवल 1 व अध्यापक लेवल 2 का 2 वर्षीय परिवीक्षा काल माह अक्टूबर-25 के प्रथम सप्ताह में पूर्ण हो चुका है। शिक्षकों द्वारा स्थाईकरण के दस्तावेज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रेषित कर दिए जाने के बावजूद भी अभी तक भी स्थाईकरण एवं वेतन नियमितीकरण आदेश नहीं हुए हैं राजसमंद जिले को छोड अन्य जिलों में आदेश जारी हो चुके हैं। सभाध्यक्ष ऋ षिकेश गुर्जर जिला मंत्री सुजीत त्रिपाठी, वीणा वैष्णव, कल्पना खंडेलवाल, किशन खत्री, राजेंद्र सिंह चारण, भगवत सिंह राठौड, दलपत सिंह आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने शीघ्र ही स्थाईकरण आदेश जारी करने की मांग की।

### स्मार्ट मीटर लगवाने में उदयपुर अव्वल

**उदयपुर,(कासं)।** उदयपुर में कुल 61 हजार उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगवाए है। उदयपुर राजस्थान में अव्वल है जो कुल लक्ष्य का लगभग 9.5 प्रतिशत है। डिस्कॉम ने 10 फीसदी लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। अजमेर विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में उपभोक्ताओं के घरों और वितरण ट्रांसफॉर्मरों पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य गति नहीं पकड पा रहा है। इसी बीच उदयपुर सर्किल में 6.40 लाख उपभोक्ताओं में से 61हजार उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगवाए हैं। इसके बाद उदयपुर राजस्थान में पहले नंबर पर है। जो कुल लक्ष्य का लगभग 9.5 प्रतिशत है।पहले स्मार्ट मीटर लगा चुके कई उपभोक्ता के फीडबैक से अन्य उपभोक्ता असमंजस में है। संभाग में सबसे कमजोर स्थिति डूंगरपुर जिले की है। वहीं बांसवाडा जिले की स्थिति भी कमजोर है। इनके मुकाबले में नए सलूंबर जिले की स्थिति काफी ठीक है। चित्तौडगढ, प्रतापगढ,राजसमंद और भीलवाडा जिलों में स्मार्ट मीटर की स्थिति को सुधारने की जरूरत है।प्रदेश में वितरण ट्रांसफॉर्मरों (डीटी) पर केवल 148 मीटर यानी केवल 0.8 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। धीमी प्रगति पर डिस्कॉम चेयरमैन ने असंतोष जताते हुए सभी जिलों में तुरंत 10 प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# जीवन निर्माण के सबसे बड़े मंच हैं खेलकूद आयोजन : प्रो सिंगाड़ा

**बांसवाड़ा, (निसं)।** खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। प्राचीन काल से ही खेलों का मानव जीवन में महत्व रहा है। खेल न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं बल्कि वे आत्मविश्वास, अनुशासन, मानसिक संतुलन और टीम वर्क जैसी महत्वपूर्ण जीवन योग्यताएं भी सिखाते हैं। उक्त उद्गार गोविन्द गुरु कॉलेज के प्राचार्य प्रो कल्याणमल सिंगाड़ा ने दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के

■ **दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आगाज़**

उदघाटन अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज के इस तनावपूर्ण जीवन में खेल हमें न केवल शारीरिक स्वास्थ्य प्रदान करते हैं बल्कि मानसिक तनाव से राहत भी देते हैं। महाविद्यालय द्वारा आयोजित खेल-प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के सबसे बड़े मंच हैं।

विद्यार्थियों को चाहिए कि वे खेल-प्रतियोगिताओं में पूरे प्राण-पण से सहभागिता करें एवं खेल-भावना से खेलों की मूल भावना को प्राप्त करें। मुख्य अतिथि प्रो अलका रस्तौगी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वर्ल्ड




**बांसवाड़ा के गोविन्द गुरु कॉलेज की दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते अतिथि।**

चैंपियन बनने की अभूतपूर्व और गौरवमयी उपलब्धि का ज़िक्र करते हुए प्रेरित किया कि स्वस्थ रहना हम सबका दायित्व भी है और कार्य भी। उन्होंने कहा कि खेलों से व्यक्ति के जीवन का सर्वांगीण विकास होता है।

प्रो मनोज पंड्या ने खेलों की मूल भावना को समझाते हुए कहा कि आम लोग ही खेलों को जिंदा रखे हुए हैं। मैदान पर सतत परिश्रम से ही व्यक्ति अपने लक्ष्यों को प्राप्त हो सकता है और समाज व देश का नाम रोशन कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा भी ली। क्रीडा समिति प्रभारी रतनपाल डोडियार ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। खेल अधिकारी डॉ शिवलाल परमार ने दो दिवसीय खेल की जानकारी दी। संचालन डॉ नीरज श्रीमाली ने किया जबकि आभार प्रकाश चन्द्र किन्कोड़ ने माना। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के प्रोफेसर्स और लगभग 300 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। खेलकूद प्रतियोगिताओं में दीर्घ अवधि से ही विद्यालय शिक्षा में नियुक्त शारीरिक शिक्षक विधिवत सहयोग प्रदान करते आए हैं। इस वर्ष भी माध्यमिक शिक्षा प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षक अचल मालोत, दिलीप त्रिवेदी, लालसिंह, विनोद पानेरी, सुनील कुमार, दिलीप कुमार, विनोद कुमार, धन्नालाल खांट, नितेश पंड्या, गोपाल पटेल अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिनका महाविद्यालय प्रशासन की ओर से सार्वजानिक अभिनन्दन किया गया। छात्रा वर्ग में लम्बी कूद में दुर्गा, रेखा निनामा, पायल, ऊंची कूद में रेखा निनामा, रानू पारगी, पायल डोडियार, गोला फेंक में सायना कुमारी, सुरिया डिन्डोर, काली गरासिया, तश्तरी फेंक में हिताक्षी पंचाल, माया मकवाना, काली गरासिया, भाला फेंक में काली गरासिया, रीना डिन्डोर, सुरिया डिन्डोर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रही। छात्र वर्ग लम्बी कूद में रोहित गणावा, जितेन्द्र मईडा, रोहित पारगी, ऊंची कूद में रोहित गणावा, पवन सिंह राणा, विशाल मसार-मनीष डोडियार, गोला फेंक में दिव्यांशु पाटीदार, सुनील डामोर, मनीष बामनिया, तश्तरी फेंक में दिव्यांशु पाटीदार, विजय भोई, चिराग पाटीदार, भाला फेंक में महेश पारगी, दिव्यांशु पाटीदार, एलेश भगोरा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे।

# महिला जेल का किया निरीक्षण

**उदयपुर, ०(कासं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में प्राधिकरण सचिव एवं एडीजे कुलदीप शर्मा द्वारा केन्द्रीय कारागृह उदयपुर, उप कारागृह कानोड, मावली एवं महिला जेल उदयपुर का निरीक्षण किया गया।

एडीजे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बताया कि महिला एवं पुरूष जेल निरीक्षण के दौरान बंदीजन को मुहैया कराई जा रही चिकित्सा, भोजन, चाय एवं नाश्ते के बारे में जानकारी ली गई। बंदीजन को नि:शुल्क विधिक सहायता, अपील, पैरोल इत्यादि के बारे में भी जानाकारी ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर द्वारा लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल स्कीम के तहत अभियुक्त को अधिवक्ता की सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई । पुरूष जेल में क्षमता से अधिक बंदीजन निरूद्ध पाए गए । वक्त निरीक्षण राजपाल सिंह अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह उदयपुर एवं जेल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे प्रकाश शर्मा ने उप कारागृह कानोड़ एवं मावली का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बंदियों को नि: शुल्क विधिक सहायता, चिकित्सा, भोजन, नाश्ते, मुलाकात इत्यादि की जानकारी ली गई। बंदीजन को एलएडीसी एस योजना के बारे में भी जागरूक किया गया।

## सड़क हादस में युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** सायरा थानाक्षैत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई तथा साथी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार सांय श्रीकान्त गर्ग निवासी धनला पिरयारी पाली व साथी इन्द्र सिंह बाइक पर गोगुंदा से गांव की तरफ जा रहे थे। जहां बीच रास्ते में पूनावली के समीप पीछे से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को घायल होने पर गोगुन्दा चिकित्सालय पहुंचाया।

## कन्वेंशन सेंटर की मांग

**राजसमंद, (निसं)।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जिले के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राजसमंद में कन्वेंशन सेंटर के निर्माण की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि राजसमंद पर्यटन, खनिज और उद्योग का एक प्रमुख केंद्र है। यहां आधुनिक कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से जिले में पर्यटन, निवेश और औद्योगिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।उन्होंने इस मांग को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना से जोडते हुए बताया कि इस योजना का उद्देश्य राज्य में क्षेत्रीय असंतुलन को समाप्त कर सतत और समावेशी विकास को प्रोत्साहित करना है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विधानसभा प्रश्न के प्राप्त उत्तर का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत जिलों के सर्वांगीण विकास के लिए कृषि, पर्यटन, लघु एवं मध्यम उद्योग, खेलकूद और अन्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।योजना के दिशा-निर्देशों में यह प्रावधान किया गया है कि प्रत्येक जिले में एक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाए।

# गंदगी को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे : के.के. गुप्ता

**उदयपुर, (कासं)।** भारत विकास परिषद सुभाष शाखा का दीपावली मिलन कार्यक्रम तुलसी निकेतन विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के स्टेट कोऑर्डिनेटर और विभिन्न नगर निकायों के स्वच्छता न्याय मित्र के के गुप्ता रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गुप्ता ने कहा कि सड़कों पर फैल रहे प्लास्टिक को जब गाय खाती है तो केवल गाय ही नहीं मरती उनके दूध पीने से मनुष्य को कैंसर जैसी बीमारी भी हो सकती है। इसलिए हमें पुनः चक्रित नहीं हो सकने वाले प्लास्टिक का उपयोग बिलकुल नहीं करना है और इसकी रोकथाम के लिए जन जागरूकता की जानी चाहिए।गुप्ता ने उदयपुर शहर में चारों तरफ फैल रहे कचरे और प्लास्टिक को लेकर चिंता व्यक्त की तथा कहा कि इसके लिए हमें कठोर कदम उठाने होंगे अन्यथा गंदगी से आमजन बीमारियों से भी ग्रसित होगा जहां-जहां कचरा खुले में पड़ा हुआ है उसे रोकने के लिए




**भारत विकास परिषद सुभाष शाखा का दीपावली मिलन कार्यक्रम तुलसी निकेतन विद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ।**

सामूहिक प्रयास करने होंगे। जहां तक पर्यावरण का सवाल है हमें शुद्ध पर्यावरण के लिए बड़े-बड़े पेड़ लगते होंगे पेड़ केवल मीडिया या फोटो तक सीमित नहीं होने चाहिए पेड़ों को बड़ा करने की जिम्मेदारी भी हमारी होनी चाहिए।

हिंदू धर्म में आदमी के अंतिम संस्कार में 6 क्विंटल लकड़ी का उपयोग होता है। हर व्यक्ति को धरती का यह कर्ज साथ में लेकर नहीं जाना चाहिए एक पेड़ एक व्यक्ति को अवश्य लगाना चाहिए। हमारे पेयजल आपूर्ति स्त्रोतो को भी जिंदा रखने की जिम्मेदारी हमारी है। इनमें किसी भी तरह की गंदगी ना डालें तथा पानी आवक के रास्तों में अतिक्रमण को रोकना होगा। वर्षा के पानी को वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से धरती में बोरिंग के माध्यम से डालना एक साधारण और अच्छे परिणाम को उपलब्ध कराता है।

## सार-समाचार

### पटेल और दमानी क्विज में प्रथम



**उदयपुर, (कासं)।** भारत सरकार के निर्देशानुसार, नशा मुक्त भारत अभियान की पाँचवी वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मनोचिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जीनगर ने बताया कि गीतांजलि ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने पोस्टर विमोचन कर 27 अक्टूबर को समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया। आयोजन के अंतिम दिन 31 अक्टूबर को इंटर कॉलेज पीजी क्विज कम्पटीशन हुआ जिसमें टीम गीतांजली के डॉ तन्मय पटेल और डॉ अनेरी दमानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा टीम पीआईएमएस के डॉ. दिव्या और डॉ. नीलंका ने द्वितीय स्थान हासिल किया । समापन समारोह में 29 अक्टूबर को आयोजित पोस्टर कॉम्पीटिशन की विजेता एलिन बेनी, उपविजेता वर्षा राजपूत एवं प्रतीक दजी को पुरस्कृत किया गया । इसी श्रेणी में 30 अक्टूबर को नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया जिसमें नर्सिंग कॉलेज की टीम ने प्रथम एवं साइकॉलोजी डिपार्टमेंट की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**डूंगरपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एक्शन प्लान वर्ष 2025-26 के अनुसरण में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मनोज मीना ने सोमवार को राजकीय महारावल उच्च माध्यमिक विद्यालय, डूंगरपुर में विधिक जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय रक्षक नागेन्द्र सिंह चुण्डावत ने केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की पीडित प्रतिकर स्कीम एवं नि:शुल्क विधिक सहायता एवं अन्य विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री मनोज मीना ने विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तर के माध्यम से संवाद करते हुए स्थायी लोक अदालत, नि:शुल्क विधिक सहायता, शिक्षा के अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अपने परिजनों के साथ साझा करने की अपील की ताकि आमजन की जो भी समस्या है उनका समाधान किया जा सके।

### दिव्यांग किशोर की कुएं में गिरने से मौत

**उदयपुर, (कासं)।** सलूम्बर जिले के लसाडयि उपखंड क्षेत्र के कूण थाना इलाके में रविवार शाम घर के समीप स्थित कुँए में पानी देख रहे दिव्यांग किशोर की पैर फिसलने से कुँए में डूब कर मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार हादसे में बलीचा पंचायत के छापरिया गांव के रहने वाले किशन लाल (16) पुत्र सुरेश मीणा की मौत हुई है। किशोर के गिरने की सूचना के बाद तहसीलदार रामजीलाल गुर्जर ने पास की माइंस से बडी मोटर मंगवाई और पानी निकालना का काम शुरू किया। रात 11.30 बजे तक कुएं का पानी काफी हद तक कम हुआ।पानी ज्यादा होने के कारण तुरंत 4 मोटर लगाकर पानी कम किया गया। सलूंबर से सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर शव निकाला। उसके बाद ग्रामीणों ने रस्सियों के सहारे कुएं में उतरकर किशोर की तलाश की। कुएं के अंदर काई,कीचड और पत्थर होने से तलाश मुश्किल रही। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद रात 12 बजे किशोर का शव बाहर निकाला गया।

### देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया

**मंडफिया, (निसं)।** भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में देवउठनी एकादशी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देवउठनी एकादशी पर्व पर देर रात्रि को भगवान श्री सांवलिया जी सेठ की बैवाण यात्रा निकाली गई। बैवाण यात्रा में भक्तजन भगवान के चवर ढुलाते जयकारे लगाते एवं नाचते गाते हुए चल रहे थे। यह बैवाण यात्रा मंडफिया कस्बे के विभिन्न मोहल्लो का भ्रमण करती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंची।

### ग्रामीण सेवा शिविर आज

**राजसमन्द, (निसं)।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु एवं विमुक्त परिवारों को आवासीय भूखण्ड आवंटन करने, आबादी विस्तार के लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ग्रामीण सेवा शिविर अभियान का आयोजन किया जा रहा है।राजसमंद पंचायत समिति के विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक राजसमंद पंचायत समिति परिसर में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों के आवेदन स्थल पर ही स्वीकार किए जाएंगे।

### राज्य स्तरीय कबड्डी टीमें घोषित

**राजसमन्द, (निसं)।** 35वीं सब जूनियर राजस्थान राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता बालक व बालिका वर्ग की चैंपियनशिप रामेश्वरम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लालचंदपुरा, झोटवाडा जयपुर में दिनांक 4 नवंबर से 7 नवंबर तक आयोजित होगी इस प्रतियोगिता राजसमंद से बालक व बालिका दल भाग लेगा। बालिका वर्ग में रिया कुमावत कप्तान, कृष्णा कुमावत, दीपिका पिता भागीरथ कुमावत, दीपिका पिता रोशनलाल कुमावत, खुशी माली, विजयलक्ष्मी बडारिया, आलिया बानो, जसोदा कुमारी, गुंजन कुमारी, पूजा कुमारी, डिंपल गाडरी, आभा गाडरी, माया कुमारी, कृष्णा जाट, टीम मैनेजर प्रतिभा शर्मा प्रशिक्षक टीकम सिंह, को बनाया गया।

# पिम्स हॉस्पिटल, उमरड़ा में नवजात की सफल सर्जरी, मिला जीवनदान

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल (पिम्स), उमरडा में पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में नवजात की जटिल सफल सर्जरी हुई।

पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि यह शिशु जगत (उदयपुर) चिकित्सा केंद्र से रेफर होकर पिम्स हॉस्पिटल में आया। बच्चा सांस लेने में दिक्कत के साथ दूध और थूक निगल नहीं पा रहा था। जांच में पता चला कि बच्चे की खाने की नली विकसित नहीं हुई है और बच्चे को ट्रेकियो-इसोफेजियल फिस्टूला नामक

■ **बच्चा सांस लेने में दिक्कत के साथ दूध और थूक निगल नहीं पा रहा था**

बडी सर्जिकल बीमारी है। इसके साथ ही निमोनिया व संक्रमण के कारण बच्चे की स्थिति बहुत नाजुक थी। गहन चिकित्सा इकाई में बच्चे को वेंटीलेटर पर रखा गया और स्थिति संभलने के तुरंत बाद ऑपरेशन किया गया।डॉ. मिश्रा ने बताया कि लगभग 3-4 हजार नवजात में से किसी एक को यह बीमारी हो सकती है। इस बच्चे में भोजन नली



**उदयपुर में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल ( पिम्स ), उमरडा में पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में नवजात की जटिल सफल सर्जरी हुई।**

(इसोफेगस) के दोनों हिस्से बहुत दूर होने के कारण सर्जरी के दौरान जोड में काफी दिक्कत आई। लगभग साढे तीन घंटे चले ऑपरेशन में इसे सही किया गया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि इन नवजात शिशुओं में ऑपरेशन के बाद अनेक जटिलताओं की संभावना रहती है। पहले से मौजूद निमोनिया, संक्रमण व ऑपरेटिव मुश्किलों के चलते बच्चे को ठीक करने में चिकित्सक टीम व नर्सिंग स्टाफ को ऐडी चोटी का जोर लगाना पडा। दूध पीना सीखने में भी बच्चे को काफी समय लगा। तमाम बाधाओं को पार कर लगभग एक महीने की मेहनत के पश्चात बच्चा पूरा ठीक हुआ। ठीक होने के बाद बच्चे को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया। इस कार्य में डॉ. मिश्रा के अलावा निश्चेतन विभाग की डॉ. कमलेश, डॉ. पीनू, डॉ. त्यागी, डॉ. साक्षी, डॉ. प्रिया, डॉ. सुमित, डॉ. अथर्व, डॉ. मुस्कान व पीडियाट्रिक विभाग के डॉ. अंकित, डॉ. विवेक पाराशर, डॉ. राहुल खत्री, व स्टाफ अरूण, रेशमा, अशोक, शिव, दीपक, राहुल, छगन आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिम्स के चैयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि पिम्स हॉस्पिटल सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। बच्चे का इलाज जननी सुरक्षा योजना के तहत निशुल्क किया गया।

## छप्पन भोग धराया

**राजसमंद, (निसं)।** रामेश्वर महादेव के प्राचीन मंदिर पर सोमवार को छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन किया गया।

रामेश्वर महादेव प्रबंध कमेटी मीडिया प्रभारी भूपेंद्र लड्ढा ने बताया कि देवस्थान विभाग उदयपुर के सौजन्य से भगवान भोलेनाथ के छप्पन भोग महोत्सव के आयोजन में भोलेनाथ के विशेष श्रृंगार किया गया दोपहर 3बजे से रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर हर हर महादेव के जयकारों के साथ बडी संख्या में भक्तगण छप्पन भोग मनोरथ के दर्शन के लिए उमडे सायंकाल 6बजे संध्या आरती का आयोजन हुआ। लक्ष्मीनारायण पालीवाल एवं पुजारी दुर्गा प्रसाद द्वारा भोलेनाथ के फू लों के विशेष श्रृंगार से सुंदर झांकी बनाई गई, लाइट डेकोरेशन किया गया। प्रबंध कमेटी महामंत्री रामसहाय विजयवर्गीय एवं प्रबंध कमेटी के सदस्यों के सानिध्य में छप्पन भोग महोत्सव के प्रसाद का वितरण भक्तगणों को किया गया, शिव भक्तों द्वारा दीपदान एवं भजन प्रस्तुत करके वातावरण को शिवमय बना दिया व्यवस्थाओं में सहयोग सत्येंद्र बडोला, अनिल बडोला, दिलीप कोठारी, शरद लड्ढा, लक्ष्मीनारायण पालीवाल, नानालाल गायरी, विजेंद्र मादरेचा, देवीलाल साहू, जगदीश गुर्जर, अनिल बोहरा सहित समिति सदस्यों एवं शिव भक्तों ने किया।

# वागड़ महोत्सव के दूसरे दिन हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**डूंगरपुर।** वागड़ महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न परंपरागत एवं गैर परंपरागतखेल प्रतियोगिता व पारंपरिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने उत्साह से भाग लिया।

जिला खेल अधिकारी नरेश डामोर ने बताया कि सोमवार को स्थानीय लक्ष्मण मैदान में रस्साकसीं पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग, सतोलिया पुरुष वर्ग,

■ **रस्सा कसी पुरूष वर्ग में बिछीवाड़ा प्रथम, रंगोली प्रतियोगिता वर्ग में मेघा शर्मा प्रथम स्थान पर रही**

चम्मच दौड, मेहंदी प्रतियोगिता, मटका दौड, साफा बांधों प्रतियोगिता, कुर्सी दौड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में वीरेंद्र सिंह राव, हमेंद्र माली,अरविंद कुमार डामोर,सोमेश्वर भगोरा, महेश कुमार जोशी, जयंतीलाल ननोमा, जीवाराम डामोर, मरताराम ननोमा, देवीलाल डामोर, दीपिका श्रीमाल, नरेंद्र कुमार झाला एवं स्काउट सीईओ भाविक



**फोटो केप्शन पी.के.०6 ,मटका दौड़ में भाग लेती महिलाएं।**

सुथार के नेतृत्व में टीम ने सहयोग प्रदान किया। रस्सा कसी पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान बिछीवाडा,द्वितीय स्थान तीरन्दाजी अकादमी डूंगरपुर, रस्सा कसी महिला वर्ग में प्रथम स्थान आगनवाडी टीम अ,द्वितीय स्थान आगनवाडी टीम ब,सतौलिया पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान बिछीवाडा, द्वितीय स्थान तीरन्दाजी अकादमी डूंगरपुर, चम्मच दौड वर्ग में प्रथम स्थान मेनका डामोर, द्वितीय स्थान भारती परिहार, तृतीय स्थान सुशिला डामोर, मेहंदी प्रतियोगिता वर्ग में प्रथम स्थान सब्बेनुर डूंगरपुर, द्वितीय स्थान हिताशी कंसारा, तृतीय स्थान अमिशा साद मन की उडान संस्था, रंगोली प्रतियोगिता वर्ग में प्रथम स्थान मेघा शर्मा, द्वितीय एथिका किशोरी नीचला फला भण्डारिया, तृतीय संगीता यादव आगनबाडी कार्यकर्ता, मटका दौड महिला वर्ग में प्रथम स्थान निर्मला बरण्डा,द्वितीय जशोदा पाटीदार, तृतीय पार्वती भगोरा, साफा बांधो पुरूष वर्ग में प्रथम सार्थक साद, द्वितीय टैक बहादुर, तृतीय चन्द्रशेखर, कुशाल जोगी, कुर्सी दौड वर्ग में प्रथम अमिशा मनात, द्वितीय आशा मनात, तृतीय सुहानी सुथार है।